i= lpuk 'kk[kk
lpuk ,oa tulEidZ foHkkx] m0ç0
¼jkT;iky lpuk ifjlj½
&&&&&&

jkT;iky Jherh vkuanhcsu iVsy us vkbZ0vkbZ0Vh0 :M+dh fo'ofo|ky; dh LFkkiuk ds 175 o"kZ iw.kZ djus ij vk;ksftr lekjksg esa ifrHkkx fd;k

&&&&&

fo'ofo|ky; lekt fgr esa dk;Z djsa

&&&&&

,Y;qeuh ,lksfl,'ku ns'k fgr esa ;ksxnku nsa

&Jherh vkuanhcsu iVsy

&&&&&

लखनऊः 23 अप्रैल, 2022

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज आई0आई0टी0 रूड़की एल्यूमनी एसोसिएशन के लखनऊ चैप्टर द्वारा आई0आई0टी0 रूड़की विश्वविद्यालय की स्थापना के 175 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में आयोजित 'उल्लास ग्लोबल थोमसो 175' समारोह में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। इस अवसर पर समारोह को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आई0आई0टी0 रूड़की विश्वविद्यालय के पूर्व विद्यार्थियों ने देश–विदेश में अपना सम्मानजनक स्थान बनाया है। देश आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। सभी को इस महोत्सव के उत्सव में जनभागीदारी सुनिश्चित करने के लिए काम करना चाहिए।

शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका पर चर्चा करते हुए राज्यपाल जी ने विश्वविद्यालयों और शिक्षा केन्द्रों को अपने परिसर से बाहर निकलकर समाज हित में कार्य करने को कहा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय आंगनवाड़ी केन्द्रों, गांवों तथा प्राथमिक स्कूलों को गोद लेकर उन्हें सुविधा सम्पन्न बनाने, क्षयरोग से ग्रस्त बच्चों को गोद लेकर पोषण सामग्री तथा चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने में सहयोग देकर समाज के लोगों का कल्याण कर सकते हैं। उन्होंने शिक्षकों छात्रों और शोधकर्ताओं से गांवों और पिछड़े क्षेत्रों में जाकर महिलाओं, बच्चों और वृद्धों की समस्याओं को बेहतर ढंग से समझने और उनके समाधाान और उपायों विषयक शोध और संसाधन वृद्धि में कारगर उपायों को सुझाने वाले कार्य करने का आह्वान किया।

राज्यपाल जी ने कहा कि युवा किसी भी देश और समाज में बदलाव के वाहक होते हैं। कम्प्यूटर क्रांति व नई आर्थिक नीति भी युवा दिमाग की ही उपज रही है।युवाओं के कौशल विकास को बढ़ाने में विश्वविद्यालय का एल्यूमनी नेटवर्क महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। आज टेक्नॉलाजी की जरूरत और इसके प्रति आस्था देश के युवाओं को नये इनोवेशन से जोड़ रही है। किसी भी टेक्नॉलॉजी की वास्तविक सफलता तब मानी जाती है, जब उससे समाज के सबसे पिछड़े और वंचित वर्ग के लोग भी लाभान्वित होते हैं।

समारोह में उपस्थित संस्थान के पुराने छात्रों को विशेष रूप से सम्बोधित करते हुए राज्यपाल जी ने कहा कि युवाओं का कौशल विकास बढ़ाने में आपका एल्युमनी नेटवर्क महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने एल्युमनी एसोसिएशन से जुड़े महानुभावों को देशहित में लक्ष्य तय करके योगदान देने के लिए कहा। विश्व में भारतीय प्रतिभाओं के उल्लेखनीय योगदान की चर्चा करते हुए राज्यपाल जी ने कहा कि अन्य देशों को अपनी प्रतिभा का लाभ दे रहे हमारे भारतीय युवाओं को अपने देश के लिए भी कार्य करने पर विचार करना चाहिए।

कार्यक्रम में राज्यपाल जी ने स्मारिका एवं आई0आई0टी0 रूड़की एल्यूमनी एसोसिएशन के लखनऊ चैप्टर की वेबसाइट का विमोचन भी किया । इस अवसर पर एसोसिएशन की ओर से एक स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। राज्यपाल जी ने समारोह में लगायी गयी प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी लखनऊ एवं आई0आई0टी0 रूड़की के पूर्व छात्र श्री अभिषेक प्रकाश, आई0आई0टी0आर0ए0ए0 के अध्यक्ष (सेवानिवृत्त) लेफ्टिनेंट जनरल श्री विश्वम्भर सिंह, यू0पी0पी0डब्ल्यू0डी के सेवानिवृत्त ई0 एण्ड सी0, श्री धर्मवीर जैन, यूनिसेफ से सेवानिवृत्त श्री वाई0डी0 माथुर, आई0आई0टी0आर0ए0ए0 लखनऊ चैप्टर के अध्यक्ष श्री अनुज वार्ष्णेय, आई0आई0टी0आर0ए0ए0 लखनऊ चैप्टर के सचिव श्री अजय श्रीवास्तव एवं विभिन्न प्रांतों से आये हुए अभियन्तागण उपस्थित थे।

————

डा0 सीमा गुप्ता/राजभवन (190/10)
सम्पर्क सूत्र– 8318116361

IIT ROORKEE ALUMNI ASSOCIATION
LUCKNOW CHAPTER
IIT Roorkee Alumni Association (IITRAA), IIT Roorkee is a global association for the alumni and by the alumni. IITRAA has a parent Chapter in Roorkee and many local chapters spread all over the globe and IITRAA Lucknow Chapter is arguably the largest Alumni Chapter in the world.
Smt. Anandiben Patel
Er. D.V. Jain

CAPT VISHWAMBHAR SINGH, FEATURING AS A SINGLE SCULLER, IN THE MOTIF SELECTED FOR A POSTAL STAMP OF 285 PAISE RELEASED BY INDIAN POSTAL SERVICES ON THE OCCASION OF IX ASIAD IN DECEMBER 1982 HELD AT RAMGARH, RAJASTHAN.
2 1 3
INDIA
2 85
1982
नवम एशियाई खेल
IX ASIAN GAMES DELHI 1982

GAURS
ONGC Videsh Ltd
AFCONS

ademic Centres